कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

अनिता शर्मा निवासी अशोक विहार कॉलोनी, नारीशाला के पीछे, सुभाष नगर, वार्ड नंबर 29, अजमेर राज0 305001

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल जिला दौसा

अपील संख्या 82/2023

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक 13.12.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सैंथल को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/2221 दिनांक 28.11.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार सैंथल द्वारा पत्र कमांकः भू0अ0/2023/1445 दिनांक 08.12.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित नकल अपीलांट के पते पर जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जा चुकी है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे ज्ञात होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा